## मेडिकल सुपरइंटेलिजेंस की ओर एक और क्रांतिकारी कदम

# स्वास्थ्य क्रांति... माइक्रोसॉफ्ट का नया एआई सिस्टम डॉक्टरों से 4 गुना सटीक, 20% तक सस्ता

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

माइक्रोसॉफ्ट ने मेडिकल जगत में बड़ा धमाका करते हुए ऐसा एआई सिस्टम विकसित किया है जो डॉक्टरों से चार गुना अधिक सटीकता से इलाज कर सकता है। साथ ही यह इलाज की लागत को भी 20% तक घटा सकता है। इस मॉडल का नाम है माय डायग्नोस्टिक ऑर्केस्ट्रेटर (माय डेक्सो)। इसे अग्रणी एआई मॉडल्स जीपीटी, जेमीनाई क्लाउड, एललामा और ग्रौक के संयोजन से बनाया गया है।

माइक्रोसॉफ्ट के एआई विंग के सीईओ मुस्तफा सुलेमान के अनुसार, यह प्रणाली मेडिकल सुपरइंटेलिजेंस की दिशा में एक वास्तविक कदम है। यह प्रणाली रोग की पहचान के लिए डॉक्टरों के जैसे ही कदम दर कदम विश्लेषण करती है। यह सिस्टम महंगे टेस्ट्स की बजाय सस्ते विकल्पों को वरीयता देता है, जिससे इलाज की लागत में कमी आती है। वहीं, इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं होता, जिससे अनावश्यक दवाओं और टेस्ट्स से भी बचा जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट इसे बिंज हेल्थ, एआई हेल्थ असिस्टेंट या मेडिकल इन्फ्रा में एकीकृत करने की योजना बना रही है। एमआईटी और स्क्रिप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट जैसी संस्थाओं ने इसे 'मेडिकल फील्ड का भविष्य' बताया है।

### कैसे काम करता है माइक्रोसॉफ्ट का नया एआई सिस्टम?




- नया एआई सिस्टम न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन के 304 जटिल केस स्टडीज पर आधारित है।
- यह सिस्टम किसी भी रोगी की केस हिस्ट्री को पढ़ता है, फिर डॉक्टरों की तरह क्रमिक परीक्षणों की अनुशंसा करता है और अंततः एक सटीक निदान तक पहुंचता है।
- यह कई प्रमुख एआई मॉडल्स को एक साथ 'बहस' की शैली में इंगेज कर नतीजे तक पहुंचता है। ऐसा मानो एक साथ कई विशेषज्ञ विचार-विमर्श कर रहे हों। इस प्रक्रिया को 'चेन ऑफ डिबेट एआई' नाम दिया गया है।